भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

अमर उजाला

दिनांक : 10.04.2019

नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बनेंगे आईआईटी बीएचयू के छात्र

शोध, विकास और नवाचार पर रहेगा जोर, स्टार्टअप पर विशेष ध्यान

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की सूची में 11वां स्थान पाने के बाद अब आईआईटी बीएचयू में शोध, विकास और नवाचार पर विशेष जोर दिया जाएगा। रैंकिंग आठ पायदान ऊपर आने के बाद संस्थान के निदेशक ने अगले साल टॉप 10 में आने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए चार पैरामीटर भी बनाए हैं, जिसके आधार पर काम शुरू होगा।

इससे पहले आईआईटी बीएचयू की एनआईआरएफ रैंक 19 थी। एमएचआरडी की 2019 की रैंकिंग के बारे में निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि इस बार आईआईटी (बीएचयू) को टीचिंग, लर्निंग और रिसोर्स (टीएलआर) में 68.61 अंक, अनुसंधान, पेशेवर अभ्यास एवं सहयोगी प्रदर्शन (रिसर्च, प्रोफेशनल प्रैक्टिस और कोलेबोरेटिव परफार्मेंस-आरपीसी) में 45.63 अंक मिले हैं। ग्रेजुएशन आउटकम (जीओ) में 77.36 अंक और आउटरीच व समावेशिता (आउटरीच एंड इंकल्सिविटी-ओआई) में 53.16 अंक मिले हैं। पिछले साल की तुलना में सभी श्रेणियों में सुधार हुआ है।



एनआईआरएफ रैंकिंग में सुधार के बाद अगले साल टॉप-10 में आने का लक्ष्य

चार बिंदुओं पर करना है काम

- शैक्षणिक स्तर को पूरी तरह अपडेट होगा।
- अनुसंधान, विकास और नवाचार पर जोर।
- प्रायोजित संसाधनों और परामर्श परियोजनाओं को बढ़ावा देना।
- स्टार्टअप पर फोकस, ताकि छात्र नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाले बन सकें।